RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक- 38 जयपुर, सोमवार, 23 मार्च 2026 मूल्य-04 रूपये

## मध्य पूर्व में जंग के निर्णायक 24 घंटे, ट्रंप के अल्टीमेटम से बढ़ा तनाव होर्मुज जलडमरूमध्य पर टकराव, इजरायल ने लंबी जंग के दिए संकेत

▪ जयपुर

नई दिल्ली, स्मार्ट हलचल. अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच जारी तनाव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले 24 घंटे मध्य पूर्व की स्थिति और जंग की दिशा तय करने में अहम साबित हो सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम की समयसीमा अब समाप्ति के करीब है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान ने तेल-गैस व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला, तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों पर बड़ा हमला कर सकता है।

होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का अहम मार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ऐसे में इस मार्ग पर तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी हलचल तेज हो गई है।

वहीं ईरान ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए संकेत दिए हैं कि यदि उसके ठिकानों पर हमला हुआ, तो वह खाड़ी देशों के महत्वपूर्ण ढांचों को निशाना बना सकता है। इससे पूरे क्षेत्र में युद्ध के और व्यापक होने की आशंका बढ़ गई है।

दूसरी ओर इजरायल ने स्पष्ट किया है कि यह संघर्ष अभी कई हफ्तों तक जारी रह सकता है।




इजरायल ने लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के संकेत भी दिए हैं। हाल ही में इजरायल ने लेबनान के एक महत्वपूर्ण पुल को निशाना बनाया और कहा कि वह ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई तेज करेगा।

इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर भी राजनीतिक दबाव बढ़ता जा रहा है। युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में उछाल आया है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और घरेलू राजनीति दोनों प्रभावित हो रही हैं। जानकारों का मानना है कि यदि ईरान अल्टीमेटम के आगे नहीं झुकता और अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है, तो यह संघर्ष एक नए और अधिक गंभीर चरण में प्रवेश कर सकता है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ना तय है।




# मिडिल ईस्ट में महायुद्ध की आहटः ईरान ने इजराइल पर दागीं मिसाइलें, 350 घायल

## इधर भारत की कूटनीतिक जीत, अमेरिका से LPG और रूस से पहुंचा तेल

▪ नई दिल्ली

### इजराइल में मची अफरातफरी, दुनिया भर में हाई अलर्ट; दूसरी ओर वैश्विक तनाव और प्रतिबंधों को दरकिनार कर भारत ने सुरक्षित की अपनी ऊर्जा जरूरतें

**नई दिल्ली** । दुनिया इस समय दो मोर्चों पर भारी उथल-पुथल का सामना कर रही है। एक तरफ मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में युद्ध की लपटें तेज हो गई हैं, तो दूसरी तरफ भारत ने वैश्विक तनाव के बीच अपनी कूटनीतिक सूझबूझ से देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया है। ईरान ने इजराइल पर बड़ा मिसाइल हमला कर दिया है, जिसमें 300 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, इन भू-राजनीतिक संकटों के बीच भारत के बंदरगाहों पर अमेरिका से एलपीजी (LPG) और रूस से कच्चा तेल (Crude Oil) सुरक्षित पहुंच गया है।

### ईरान का इजराइल पर भीषण हमला, 350 घायलः

ईरान और इजराइल के बीच चल रहा तनाव अब सीधे युद्ध में बदलता दिख रहा है। ईरान ने इजराइल के कई शहरों को निशाना बनाते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। हमले के तुरंत बाद पूरे इजराइल में खतरे के सायरन गूंजने लगे और लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हमले में अब तक 350 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। हालांकि, इजराइल के रक्षा सिस्टम 'आयरन डोम' ने कई ईरानी मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया, जिससे जान-माल का नुकसान कुछ



हद तक कम हुआ। इस हमले के बाद अमेरिका समेत दुनिया भर के देशों ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

### भारत की 'ऊर्जा सुरक्षा' पर बड़ी जीतः

एक ओर जहां युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता का माहौल है, वहीं भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा मनवाया है। देश की बढ़ती घरेलू मांग और महंगाई को नियंत्रित करने के लिए भारत ने शानदार कूटनीति का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार, अमेरिका से एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) की बड़ी खेप और रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल लेकर टैंकर भारत के बंदरगाहों पर पहुंच चुके हैं।

पश्चिमी देशों के दबाव और रूस पर लगे प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता अपने नागरिकों के लिए सस्ती और सुलभ ऊर्जा सुनिश्चित करना है। रूस से आने वाले तेल से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी, जबकि अमेरिकी एलपीजी से रसोई गैस की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित होगी।


> **ग्लोबल हलचलः युद्ध और कूटनीति एक नजर में**
>
> **मिडिल ईस्ट में महायुद्धः ईरान ने इजराइल पर किया भीषण मिसाइल हमला, 350 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर।**
>
> **हाई अलर्टः इजराइल के कई शहरों में सायरन गूंजे, 'आयरन डोम' (Iron Dome) ने हवा में ही नष्ट कीं कई मिसाइलें।**
>
> **भारत की ऊर्जा कूटनीतिः युद्ध के इस वैश्विक तनाव के बीच भारत ने साधी अपनी ऊर्जा सुरक्षा; अमेरिका से एलपीजी (LPG) और रूस से कच्चा तेल भारत पहुंचा।**
>
> **अर्थव्यवस्था को राहतः प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भारत ने घरेलू मांग पूरी करने के लिए रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रखी।**



## जब लाडली ने फेरा मुंह, तो पिता के लिए हो गई 'मृत

### थाने में झोली फैलाई, नहीं मानी तो जिंदा बेटी का छपवा दिया शोक संदेश

#### युवती ने दूसरे समाज के युवक से की लव मैरिज; हताश परिवार ने 20 मार्च को माना 'स्वर्गवास', 31 को रखा मृत्युभोज


शोक संदेश

श्रीमान.................................................................

..........................................................................

योग लिखी ... से ...

... की जय चारभुजा की ... मेरी पुत्री

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । जिले में रिश्तों की अहमियत और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का एक बेहद मार्मिक मामला सामने आया है। एक पिता ने अपनी जिस लाडली को नाज़ों से पाला, उसी के एक फैसले से आहत होकर उसे जीते-जी 'मृत' मान लिया है। बेटी ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर दूसरे समाज के युवक से प्रेम विवाह कर लिया। जब थाने में पिता के आंसुओं और मिन्नतों का बेटी पर कोई असर नहीं हुआ, तो हताश परिवार ने कठोर कदम उठाते हुए अपनी जिंदा बेटी का 'शोक संदेश' (तीये की बैठक और मृत्युभोज का कार्ड) छपवा दिया है। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### थाने की चौखट पर बेबस पिता ने फैलाई झोलीः

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, युवती जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसने अपनी मर्जी से एक अन्य समाज के युवक के साथ शादी रचा ली। शादी के बाद नवदंपति परिजनों को मनाने पहुंचे, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद अपनी सुरक्षा को लेकर युवक-युवती पुलिस थाने पहुंच गए। सूचना मिलने पर लड़की के परिजन भी थाने आए। पुलिस की मौजूदगी में एक बेबस पिता ने अपनी बेटी के सामने झोली फैलाकर रोते हुए घर लौटने की गुहार लगाई। लेकिन, बेटी अपने पति के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही और उसने पिता के साथ जाने से साफ इनकार कर दिया।

### 20 को 'स्वर्गवास', 31 मार्च को रखा ब्रह्मभोजः

थाने में बेटी की बेरुखी से पिता का दिल इस कदर टूटा कि उन्होंने भारी मन से अपनी ही संतान से सारे नाते-रिश्ते तोड़ लिए। परिवार ने बेटी को मृत मानकर एक शोक संदेश छपवाया है। इस कार्ड में बेटी की तस्वीर के साथ 20 मार्च 2026 को उसका 'स्वर्गवास' होना लिखा गया है। इतना ही नहीं, पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों का पालन करते हुए कार्ड में 22 मार्च को 'तीये की बैठक' और 31 मार्च को 'ब्रह्मभोज' (तेरहवीं) का बाकायदा निमंत्रण भी छापा गया है।

### कानूनन स्वतंत्र है बालिग बेटीः

थानाधिकारी इस पूरे घटनाक्रम को लेकर संबंधित थानाधिकारी (SHO) ने बताया कि युवती कानूनन बालिग है। जब वे थाने आए थे, तब पुलिस ने परिजनों और युवती को आमने-सामने बैठाकर समझाइश का पूरा प्रयास किया था। चूंकि युवती अपने पति के साथ जाने पर दृढ़ थी, इसलिए कानूनन उसे इसकी अनुमति दी गई है और नवदंपति की मांग पर उन्हें पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। वहीं, पिता द्वारा शोक संदेश छपवाए जाने की बात पर पुलिस का कहना है कि यह पूरी तरह से परिवार का निजी और भावनात्मक निर्णय है, यह कानूनी दायरे का विषय नहीं है।

# 'सरस' के नाम पर नकली घी का काला कारोबार बेनकाब,31 टीन नकली घी जब्त, फैक्ट्री सील, आरोपी गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

आसींद तहसील का मोतीपुर गांव आज भीलवाड़ा // सुभाषनगर थाना पुलिस ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली घी बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में वनस्पति घी, कॉटन सीड्स ऑयल और नामी ब्रांड 'सरस' के नकली रैपर व पैकिंग सामग्री जप्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### मुखबिर की सूचना पर दी दबिश

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार मिलावटखोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई ने बताया कि कांस्टेबल सोनू कुमार (1398) को सूचना मिली थी कि सुभाषनगर पश्चिम विस्तार में बायोस्कोप के सामने वाली गली में स्थित मकान नंबर 5, 6, 7 में अवैध रूप से नकली घी बनाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने सीएमएचओ कार्यालय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव और सरस डेयरी के प्रतिनिधियों को साथ लेकर मौके पर छापेमारी की

### भारी मात्रा में सामग्री और उपकरण जप्त

मौके पर आरोपी शंकर मगरिन्दा (45) निवासी मलाण, सुभाषनगर को मिलावटी घी तैयार करते हुए पाया गया। पुलिस ने वहां से 31 टिन तैयार नकली घी, 32 टिन जैमिनी वनस्पति और 18 टिन रिश्ता कॉटन सीड्स ऑयल 125 कुल टिन (भरे और खाली मिलाकर), सरस डेयरी के नकली हॉलमार्क, लेबल, कार्टून, पैकिंग मशीन और भट्टी जब्त की गई।








जांच में सामने आया कि आरोपी वनस्पति और कॉटन सीड्स ऑयल को मिलाकर उसे सरस डेयरी के नाम से पैक कर बाजार में सप्लाई करता था। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके से सैंपल लेकर एफएसएल जांच के लिए भेजे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 318 (4), 274, 275 और कॉपीराइट अधिनियम 1957 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुलिस टीम की विशेष भूमिका

इस कार्रवाई में थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के साथ सउनि साबीर मोहम्मद, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, कांस्टेबल सोनू कुमार (विशेष भूमिका), सुनील बिश्नोई (विशेष भूमिका), नरेश कुमार, सत्यपाल और भूपेंद्र सिंह शामिल रहे। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह माल किन-किन दुकानों पर सप्लाई करता था।

# आत्मनिर्भर बना मोतीपुरा गांव, गैस संकट के बीच गोबर गैस से जल रहे चूल्हे,महंगाई से मिली राहत

▪ स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

**आसींद**। आसींद तहसील का मोतीपुर गांव आज आत्मनिर्भरता का एक शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। एक ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-इजरायल युद्ध जैसे हालातों के चलते रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और सिलेंडरों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर मोतीपुर के ग्रामीणों ने इस संकट का देसी समाधान निकाल लिया है। गांव में गोबर गैस (बायोगैस) प्लांट लगाकर लोगों ने न केवल गैस की समस्या से राहत पाई है, बल्कि महंगाई से भी खुद को काफी हद तक बचा लिया है। करीब चार साल पहले शुरू हुई इस पहल ने आज पूरे गांव की तस्वीर बदल दी है। लगभग 200 घरों वाले इस गांव में 120 से अधिक परिवारों ने अपने घरों में गोबर गैस प्लांट स्थापित कर लिए हैं। इतना ही नहीं, कई प्लांट धारकों ने अपने पड़ोसी दो से तीन घरों तक भी गैस कनेक्शन दे रखा है, जिससे सामूहिक लाभ का मॉडल भी सामने आया है। ग्रामीण छोटू लाल जाट बताते हैं कि यह पूरी व्यवस्था देसी तकनीक पर आधारित है। इसमें गाय-भैंस के गोबर का उपयोग कर बायोगैस तैयार की जाती है। इस गैस से रसोई का चूल्हा आसानी से जलता है, जिससे सिलेंडर की जरूरत खत्म हो गई है। अब ग्रामीणों को न तो गैस खत्म होने की चिंता रहती है और न ही बढ़ती कीमतों का डर।





गोबर गैस प्लांट एक सरल लेकिन प्रभावी तकनीक है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 12 से 13 किलो गोबर में पानी मिलाकर घोल तैयार किया जाता है। इस मिश्रण को प्लांट के टैंक में डाला जाता है, जहां जैविक अपघटन की प्रक्रिया से मीथेन गैस उत्पन्न होती है। यही गैस पाइपलाइन के माध्यम से सीधे रसोई तक पहुंचती है और चूल्हे जलाने में काम आती है। खास बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया में किसी बिजली,रसायन या भारी मशीनरी की आवश्यकता नहीं होती। इस प्लांट से निकलने वाला अवशेष 'स्लरी' खेतों के लिए बेहद उपयोगी जैविक खाद के रूप में काम करता है। कई ग्रामीण इसे बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। इससे खेती की लागत घट रही है और उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर हो रही है। ग्रामीणों का मानना है कि गोबर गैस के उपयोग से प्रदूषण कम होता है और रसोई में धुआं नहीं होने से महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ा है। साथ ही, जैविक खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है, जिससे जमीन की उर्वरता भी बनी हुई है।

मोतीपुर गांव आज न सिर्फ गैस संकट के दौर में आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है, बल्कि अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन रहा है। यहां के लोग अब इसे एक स्थायी और सस्ती ऊर्जा के रूप में अपनाकर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। कुल मिलाकर, मोतीपुर गांव ने यह साबित कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो ग्रामीण स्तर पर भी बड़े संकटों का समाधान निकाला जा सकता है। गोबर गैस के जरिए यह गांव न केवल आत्मनिर्भर बना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक मिसाल पेश कर रहा है।

# थार ने तोड़ी थी नाकाबंदी, पुलिस ने पीछा किया तो अपराधियो ने हवा में पिस्टल लगराई

## देशी कट्टे के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । शक्करगढ थाना पुलिस ने नाकाबन्दी तोडकर भागने वाली थार कार के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा भी बरामद किया । पुलिस ने आरोपी राधे उर्फ अमित परिहार को गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा के आदेशानुसार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एएसपी शाहपुरा राजेश कुमार आर्य के निर्देशन व रेवडमल मोर्य वृताधिकारी वृत जहाजपुर के निकटतम सुपरविजन में थाना प्रभारी पुरणमल शक्करगढ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तारीख 14.03.2026 को जरिये फोन से एएसआई ताराचन्द को माण्डलगड व बिगोद पुलिस द्वारा सुचना दी गई की एक थार गाडी सफेद कलर की जिसमे 03-04 बदमाश है जो माण्डलगढ से बिगोद की तरफ गई है जो काछोला की तरफ तेज गती से आ रही है जो गोपालपुरा टोल तोडकर काछोला की तरफ आ रही है जिस पर एएसआई मय जाप्ता व ग्रामवासी रामपुरा वालो द्वारा आम रास्ते पर ट्रेक्टर खडे कर दिये इसी दौरान सुई की तरफ से उक्त गाडी थार तेजगति से आई जिसे रोकने की कोषिश की परंतु वाहन चालक कार को रामपुरा गांव के कच्चे रास्ते से ले



गया जो आगे तालाब की पाल होने से गाडी छोडकर भागने लगे जिसमें एक के हाथ मे बन्दुक थी जिसको हाथ मे लहराते हुये जंगल की तरफ भागने लगे उसमें कुल तीन आदमी नजर आये और भी व्यक्ति जिसमे हो सकते है जो रात्रि होने से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये जिनका कोई पता नही चला। मौके पर कार को चैक किया तो आगे की खलासी साईड मे दो जिन्दा कारतुस मिले जिस पर आर्म एक्ट में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की । गठित टीम द्वारा लगातार तलाश की गई एवं वांछित आरोपी राधे उर्फ अमित परिहार निवासी सिहोली पो. डांग गुठीना थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया और एक देशी कट्टा जप्त किया गया। पुलिस टीम में थानाधिनारी पुरणमल, एचसी बिहारी लाल, गजवीर, लोकेश, रामराज शामिल थे ।

# थानाप्रभारी और कांस्टेबल को 8 लाख रु की रिश्वत लेते दबोचा

## कुल 20 लाख रु मांगी थी रिश्वत, एनडीपीएस के आरोपियों को केस में नही फसाने की एवज में किया भ्रष्टवाड़ा

▪ स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान केउदयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने रविवार को ट्रैप की कार्रवाई करते हुए मांडवा थाने के SHO निर्मल कुमार खत्री और कांस्टेबल भालाराम को 8 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया. आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मियों ने एक एनडीपीएस केस में चार लोगों को आरोपी नहीं बनाने के बदले में रिश्वत मांगी थी. इस पूरे मामले में 20 लाख रुपये की मांग की गई थी । एसीबी थानाधिकारी सोनू शेखावत ने बताया कि आरोपियों की ओर से 20 लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से 8 लाख रुपये लेते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है. मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य पहलुओं



की भी जांच की जा रही है. परिवादी पक्ष का आरोप है कि थाना प्रभारी लगातार दबाव बना रहे थे और धमकी दे रहे थे कि पैसे नहीं देने पर चारों लोगों को मामले में नामजद कर दिया जाएगा. इस तरह की धमकियों से परेशान होकर परिवादी ने एसीबी से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई । शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की प्रारंभिक जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए. इसके बाद डीआईजी रामेश्वर सिंह के निर्देशन में एसीबी थानाधिकारी सोनू शेखावत के नेतृत्व में ट्रैप प्लान तैयार किया गया. योजना के तहत टीम ने जाल बिछाया और तय रकम की पहली किश्त के रूप में 8 लाख रुपये देते समय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया. कार्रवाई के दौरान एसीबी की टीम ने मौके से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली ।।

# बगड़ावत कथा का वाचन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

▪ स्मार्ट हलचल / सवाईपुर

क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में मोचड़िया के मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में एक शाम देवनारायण भगवान के नाम बगड़ावत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें देवनारायण भगवान के जीवन पर आधारित बगड़ावत कथा का वाचन किया गया । शनिवार रात्रि को मोचड़िया के मंड देवनारायण भगवान के मंदिर प्रांगण में बगड़ावत कथा का आयोजन हुआ, जिसमें बगड़ावत गायक पन्ना लाल सालवी एवं सह गायक शंकरलाल जाट ने देवनारायण भगवान के जीवन पर आधारित बगड़ावत कथा का वाचन किया गया, जिसमें देवनारायण भगवान के भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने झूमने लगे । आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवनारायण भगवान के यहां पहुंचे और बगड़ावत कथा को बड़े प्रेम भाव से सुना । बगड़ावत कथा भौंर तक चली ।



# पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ 24 घंटे में 5 धमाकेदार कार्यवाही, 34 लाख रु का 227 किलो डोडा चूरा और पांच लग्जरी कारें जप्त, 2 तस्कर गिरफ्तार बाकी फरार

▪ स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

भीलवाड़ा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत धमाकेदार कार्यवाही को अंजाम दिया है । इस तरह की प्रभावी कार्यवाही बिजौलिया थाना पुलिस द्वारा की गई है । पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा के खफा 24 घंटे में अलग-अलग कुल 5 कार्यवाहियां की ओर अवैध अफीम डोडा चुरा 227 किलो 320 ग्राम जप्त किया साथ ही अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त कुल 5 लग्जरी कारों को जब्त किया है और दो तस्कर मोहनलाल व जीतराम गिरफ्तार किया है । जब्त अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीबन 34 लाख रूपये बताई गई है ।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का कार्य जारी है और अभियान चलाकर निरंतर भीलवाड़ा पुलिस द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है । अभियान के तहत एएसपी मुख्यालय पारस जैन के निर्देशन में व वृताधिकारी मांडलगढ़ बाबूलाल विश्नोई वृत्ताधिकारी वृत माण्डलगढ़ के निकटतम सुपरविजन में विशेष टीम गठित की जिसका नेतृत्व बिजौलिया थाना प्रभारी स्वागत पांड्या ने किया ।



### पुलिस थाना बिजौलिया द्वारा की गयी कार्यवाही

### यह है पहली कार्यवाही

दिनांक 21.03.2026 को थाना प्रभारी स्वागत पाण्डया टीम के साथ गश्त पर थे इस दौरान नरेश कुमार सउनि चौकी प्रभारी कास्या ने सुचना दी की एक सफेद रंग की पोलो कार एनएच 27 से आरोली से डाबी की तरफ जा रही है जिसमें अवैध मादक पदार्थ हो सकता है, सुचना विश्वसनीय होने पर थानाधिकारी मय जाप्ता के त्वरित कार्यवाही करने के लिए एनएच 27 केसरगंज कट पर पहुंचे जहां नाकाबंदी शुरू की मुताबिक सुचना के एक सफेद रंग की पोलो कार आरोली की तरफ आई जिसे रूकवाया तो चालक मौके से भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा और नाम पता पुछा तो अपना नाम मोहनलाल पिता दयालराम जाट उम्र 32 साल निवासी जैवलियों का बास थाना मोखमपुरा जिला जयपुर ग्रामीण होना बताया और कार की नियमानुसार तलाशी ली तो कार में तीन प्लास्टिक के कट्टो में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा कुल 45.640 किलोग्राम मिला। जिस पर मौके से नियमानुसार कार व अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा को जप्त किया, मौके पर मोहनलाल जाट को गिरफ्तार किया ओर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। उक्त कार्यवाही में नरेश कुमार सउनि व सुनिल बेनिवाल सउनि की विशेष भूमिका रही।

### यह है दूसरी कार्यवाही

दिनांक 21.03.2026 की शाम को स्वागत पाण्डया थानाधिकारी को संध्याकालीन गश्त के दौरान नरेश कुमार सउनि प्रभारी चौकी कास्या ने सुचना दी की एक सफेद रंग की फ्रोंक्स कार कास्या से तेज गति से निकली जो संदिग्ध होने पर पीछा कर सरहद चम्पापुर में रूकवा रखा है और चालक को डिटेन कर रखा है जिसमें अवैध मादक पदार्थ हो सकता है आदि सुचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता के सरहद चम्पापुर में पहुंचे जहां नरेश कुमार सउनि मय जाप्ता एक सफेद रंग की फ्रोंक्स कार और चालक को डिटेन कर रखा था जिसे नाम पता पुछा तो अपना नाम जीतराम पुत्र हरचन्द बैरवा उम्र 30 साल निवासी गागुन्दा थाना बान्दर सिन्दरी जिला अजमेर होना बताया और कार की नियमानुसार तलाशी ली तो कार में तीन प्लास्टिक के कट्टो में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा कुल 43.740 किलोग्राम मिला। जिस पर नियमानुसार कार व अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा को मौके पर जप्त किया, मौके पर जीतराम बैरवा को गिरफ्तार किया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। उक्त कार्यवाही में नरेश कुमार सउनि व कांस्टेबल नरेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

### तीसरी कार्यवाही में 46 किलो से ज्यादा डोडा चूरा जप्त

दिनांक 22.03.2026 को गोपाललाल सउनि को दौराने रात्रि गश्त सुचना मिली की ग्राम छोटी बिजौलिया में पशु चिकित्सालय के सामने एक आई 20 कार, रंग सफेद क्षतिग्रस्त अवस्था में खडी है सुचना पर सउनि मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे तो एक आई 20 रंग सफेद रंग की क्षतिग्रस्त अवस्था में खडी थी जिसका चालक मौके पर नही मिला जो संदिग्ध है जिसमें अवैध मादक पदार्थ होने पर स्वागत पाण्डया पु.नि. थानाधिकारी मय जाप्ता के छोटी बिजौलिया में पहुंचे जहां एक क्षतिग्रस्त अवस्था में खडी कार की नियमानुसार तलाशी ली तो कार में तीन प्लास्टिक के कट्टो में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा कुल 46.440 किलोग्राम मिला। जिस पर नियमानुसार कार व अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा को मौके पर जप्त किया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की । उक्त कार्यवाही में कांस्टेबल जितेन्द्र व राजवीर की विशेष भूमिका रही।

### लावारिस कार में मिला अवैध मादक पदार्थ

दिनांक 22.03.2026 को सुचना मिली की ग्राम सलावटिया में बैरागी मौहल्ले में एक सफेद रंग की वेन्यू कार खडी है सुचना पर मौके पर पहुंचे जहां एक सफेद रंग की वेन्यू कार खडी हुई थी जो संदिग्ध प्रतीत होने से कार की नियमानुसार तलाशी ली गई तो कार में तीन प्लास्टिक के कट्टो में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा कुल 46.50 किलोग्राम मिला। जिस पर नियमानुसार कार व अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा को मौके पर जप्त किया जाकर एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया। उक्त कार्यवाही में एचसी रामसिंह, कांस्टेबल हेमाराम, रवि सिंह की विशेष भूमिका रही।

### यह है पांचवी कार्यवाही

पांचवी कार्यवाही में दिनांक 22.03.2026 को कांस्टेबल हेमाराम ने सुचना दी की एक संदिग्ध सफेद रंग की इगनिस कार सलावटिया में खडी है आदि सुचना पर थानाप्रभारी स्वागत पाण्डया मय जाप्ता के त्वरित कार्यवाही हेतु रवाना हुए और मौके पर पहुंचे जहां एक सफेद रंग की इगनिस कार खडी हुई थी जो संदिग्ध प्रतीत हुई कार की नियमानुसार तलाशी ली गई तो कार में तीन प्लास्टिक के कट्टो में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा कुल 45.450 किलोग्राम मिला। जिस पर नियमानुसार कार व अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा को मौके पर से जप्त किया और एनडीपीएस एक्ट में मृग दर्ज किया। उक्त कार्यवाही में कांस्टेबल हेमाराम व रणजीत की विशेष भूमिका रही।

### आरोपियों से पूछताछ जारी बाकी की तलाश

पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनो आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है जिससे की एनडीपीएस से जुड़ी अन्य कड़िया भी सामने आ सके वही जो आरोपी फरार हुए है उनकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है और जिन्हे भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा ।

# कबड्डी के दंगल में लापिया स्टीलर्स का दबदबा



▪ स्मार्ट हलचल । बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के लापिया गांव में आयोजित सात दिवसीय लापिया प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता का शनिवार रात्री को समापन हुआ। आयोजन कमेटी के गणेश वैष्णव ने बताया कि लापिया मे 15 से 21 मार्च तक दुधिया रोशनी में खेली गई लापिया प्रो कबड्डी लीग सीजन 4 का फाइनल मैच शनिवार रात्री को लापिया स्टीलर्स और लापिया पेंथर के बिच खेला गया। रोमाचक निर्णायक मुकाबले में लापिया स्टीलर्स ने जीत हासिल करके प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजाधिराज गोपाल चरण सिसोदिया अंकित चौधरी सत्यनारायण गुग्गड नारायण सिंह जिला वालीवाल संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी संजय सिंह पंचायत प्रशासक सीता देवी जाट पुर्व सरपंच सत्यनारायण शर्मा समाजसेवी गणेश जाट जगदीश खटीक के साथ ही आयोजन कमेटी के सदस्यों के साथ ही बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विजेता टीम लापिया स्टीलर्स और पारितौषिक के रूप में 31 हजार रुपये नकद तथा ट्राफी और उप विजेता टीम लापिया पेंथर को पारितौषिक के रूप में 15 हजार रुपये और ट्राफी तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली लापिया रॉयल योद्धा को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 5100 सौ रुपये देकर के सम्मानित किया गया

# शर्मा शिक्षक संघ (सियाराम) के छठी बार बने प्रदेश अध्यक्ष, जोशी प्रदेश सह संगठन महामंत्री निर्वाचित

### शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रदेश महासमिति अधिवेशन दौसा में हुआ सम्पन्न

▪ स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा



राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के दौसा में आयोजित हुए प्रदेश महासमिति अधिवेशन में आज प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ,जिसमें भीलवाड़ा के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र शर्मा लगातार छठी बार प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। साथ ही प्रेमशंकर जोशी प्रदेश सह- संगठन महामंत्री तथा लीलाधर तिवारी प्रदेश मंत्री अजमेर संभाग निर्वाचित हुए।जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में भीलवाड़ा जिले से प्रदेश महासमिति के सदस्यों ने भाग लिया। जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने बताया कि महासमिति अधिवेशन में, शिक्षा सचिव के जनगणना में विद्यालयों से 30% से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाने के स्पष्ट आदेश के बाद भी अधिकतम शिक्षकों की ड्यूटी लगाने एवं ग्रीष्मावकाश में की गई कटौती का विरोध करते हुए तृतीय वेतन श्रंखला शिक्षकों की डीपीसी एवं स्थानांतरण करने, शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखने,पीईईओ को हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने, प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय को लैपटॉप उपलब्ध करवाने, कंप्यूटर अनुदेशकों का केडर व वेतनमान संशोधित करने, ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाले शिक्षकों को ग्रामीण भत्ता देने सहित शिक्षकों व शिक्षार्थियों की कई मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें राज्य सरकार को भेजा जाएगा। अधिवेशन में सत्यनारायण ओझा, लीलाधर तिवारी, सत्यनारायण खटीक आदि ने विचार व्यक्त किए।

# नाले के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी, मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस



▪ स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

शहर के आदर्श नगर एरिया में नाले के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। उधर से गुजर रहे कुछ लोगों ने जब युवक का शव नाले के पास देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। इधर युवक का शव मिलने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया ओर जांच शुरू की । मामला भीमगंज थाना क्षेत्र का है, यहां आदर्श नगर में बदलेश्वर महादेव मंदिर के पास नाले के पास एक युवक का शव मिला जिससे इलाके में सनसनी फैल गई, वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने जब नाले के पास युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची मृतक की पहचान ईश्वर मोची ( 27 ) के रूप में हुई । बताया गया है कि मृतक पिछले एक साल से अपनी मां के साथ पास में ही किराए के मकान में रहता था ओर मजदूरी करता था। पुलिस ने मृतक की मां को बुलवाकर जानकारी जुटाई । युवक की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चला सकेगा।

# खटीक समाज के 976 युवक-युवती परिचय पुस्तिका का विमोचन

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** श्री खटीक समाज परिणय सूत्र सेवा समिति, भीलवाड़ा के तत्वावधान में दादाबाड़ी स्थित बालाजी मन्दिर प्रांगण में समाज के 976 युवक-युवती परिचय पुस्तिका का विमोचन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर संस्था के द्वितीय प्रकाशन (परिचय पुस्तिका) का विमोचन किया गया। प्रथम प्रकाशन 29 दिसंबर 2024 को किया गया था जिसमें लगभग 500 युवक युवतियों का परिचय था। संस्था के मुख्य सदस्य अमृतलाल खोईवाल ने बताया कि यह पुस्तिका खटीक समाज के वैवाहिक संबंधों को सुलभ बनाने पारिवारिक मेल-मिलाप और रिश्तों को तय करने में सुगमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे जिसमें रामप्रसाद सुहिल, मिश्रीलाल



खोईवाल, मोहन अमरिया, मुकेश पहाड़िया, अमृतलाल खोईवाल, शैलेन्द्र डिडवानिया, सुरेश चंदेरिया, कैलाश पटेल, प्रेमलाल बड़गुजर, विनोद पटेल, विनोद खोईवाल, नंदकिशोर चावला, किशन खोईवाल आदि उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइकः ASI के बेटे का हत्यारा और 30 हजार का इनामी 'टॉप-10' बदमाश भैरू झोपड़ा गिरफ्तार


## स्वरूपगंज में प्रहलाद जाट के चारों हाथ-पैर तोड़ने और लूटपाट का था मुख्य सूत्रधार; डीएसटी ने तकनीकी अनुसंधान से अहमदाबाद से दबोचा

▪ स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले में खूंखार और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में भीलवाड़ा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में डीएसटी (डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) ने राज्य स्तर के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल और 30 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर भैरू लाल उर्फ भैरू झोपड़ा (निवासी दौलाजी का खेड़ा उर्फ झुपड़ा, थाना गंगरार) को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। यह शातिर अपराधी चित्तौड़गढ़ में एक पुलिसकर्मी (एएसआई) के पुत्र की हत्या और भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में जानलेवा हमले के मामलों में मोस्ट वांटेड था।

**स्वरूपगंज में दिया था खौफनाक वारदात को अंजामः**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन और सदर वृताधिकारी माधव उपाध्याय के सुपरविजन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, 31 मई 2024 को राहुल जाट (निवासी अमरपुरा, गंगरार) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते भैरू गुर्जर की गैंग ने पहले उनके डम्पर को आग लगाई थी। इसके बाद 30-31 मई की मध्यरात्रि स्वरूपगंज चौराहा स्थित एक होटल पर चाय पी रहे राहुल के भाई प्रहलाद जाट पर इस गैंग ने दो स्कॉर्पियो गाड़ियों में आकर जानलेवा हमला कर दिया।




**सरियों से तोड़े चारों हाथ-पैर, की थी लूटः**

हमले के दौरान भैरू झोपड़ा, गोपाल, गोविन्द, राजू गुर्जर व 4-5 अन्य बदमाशों ने प्रहलाद जाट पर लोहे की टामियों (सरियों) से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके चारों हाथ-पैर फैक्चर हो गए। हमलावरों ने प्रहलाद के गले से 2 तोले की सोने की चेन, 20 हजार नकद और आधार-पैन कार्ड भी छीन लिए। बदमाशों के पास पिस्टल भी थी। गंभीर घायल प्रहलाद को अहमदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

**तकनीकी पुलिसिंग से अहमदाबाद में दबोचाः**

वारदात के बाद से ही शातिर अपराधी भैरू झोपड़ा अपनी सकूनत से फरार था। गिरफ्तारी के लिए डीएसटी प्रभारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मानवीय आसूचना, तकनीकी अनुसंधान और कॉल डिटेल का गहन विश्लेषण करते हुए आखिरकार इस खूंखार अपराधी को अहमदाबाद (गुजरात) से ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया।

**इनकी रही विशेष भूमिकाः**

इस पूरी सर्जिकल स्ट्राइक में पुलिस निरीक्षक व डीएसटी प्रभारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल कालू (विशेष योगदान), कांस्टेबल बनवारी लाल और घीसू लाल (विशेष योगदान) की अहम भूमिका रही।

# महिला के गले से चैन झपटने वाला शातिर चैन स्नेचर गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़** । शहर में गणगौर पूजन के दौरान हुई चैन स्नेचिंग की वारदात का कोतवाली थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो अन्य साथियों को नामजद कर उनकी तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 19 मार्च को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी देवरानी के साथ स्कूटी से अग्रसेन मांगलिक भवन, गांधीनगर जा रही थी। इसी दौरान आयकर विभाग कार्यालय के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर गले से सोने की चैन छीन ली और फरार हो गए। घटना के बाद एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी बृजेश सिंह के



निर्देशन में थानाधिकारी तुलसीराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध शाहरूख उर्फ दाढ़ी को डिटेन किया, जिसने पूछताछ में अपने साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि उसी दिन हजारेश्वर महादेव मंदिर के पास एक अन्य महिला से भी चैन स्नेचिंग की गई थी, जिसकी रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं हुई है। मामले में इम्तियाज और सलमान को भी नामजद किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है और उसके खिलाफ चोरी, लूट, हत्या के प्रयास सहित करीब 15 मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में अजमेर जेल से रिहा हुआ था और नशे का आदी है।




# धूमधाम से मनाया गया गणगौर महोत्सव, लोकगीतों व घूमर ने बांधा समां



▪ स्मार्ट हलचल / मांडलगढ़

नगरपालिका मंडल के तत्वावधान में गणगौर महोत्सव का आयोजन जालेश्वर तालाब किनारे भव्य और पारंपरिक अंदाज में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने राजस्थानी गीतों और नृत्य के माध्यम से माहौल को उत्सवमय बना दिया। आयोजन विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने गणगौर माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी लोकगीत, घूमर नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं ने सखियों के साथ मिलकर पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते हुए उत्सव को जीवंत बना दिया। पूरे आयोजन में आपसी प्रेम, एकता और समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, अनिता सुराणा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, नगर मंत्री मुकेश व्यास, एडवोकेट जमनालाल सेन सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्र में दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





▪ स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा** / चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दूर से आए भक्त माता रानी के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और "जय माता दी" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

नवरात्र के चलते मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए पेयजल, छाया, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की गई हैं, जिससे दर्शनार्थियों को



किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि हर श्रद्धालु सहज और सुरक्षित तरीके से माता के दर्शन कर सके।

मंदिर परिसर में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों के चलते पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# हाडौली में हाफ़िज़ अब्दुल रहमान ने अदा कराई ईद उल फितर की नमाज़, मांगी अमन चैन की दुआं



▪ स्मार्ट हलचल

**जटनंगला**/ शनिवार को मुस्लिम समाज के शांति और सद्भाव का प्रतीक ईद उल फितर का पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया। मुस्लिम महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा ने बताया कि हाडौली में हाफिज अब्दुल रहमान ने सुबह 08.00 बजे ईद उल फितर की नमाज़ अदा कराई। हाफिज अब्दुल रहमान ने कहा कि ईद उल फितर का पर्व आपसी भाईचारे और शांति का प्रतीक है। ईद का पर्व दुनियाभर के मुसलमानों के द्वारा मनाया जाने वाला त्यौहार है। इस अवसर पर मुस्लिम महासभा राजस्थान के प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा ने भी हाडौली ईदगाह में नमाज़ अदा करी। सुरक्षा इंतजाम के लिए पटवारी व पुलिस प्रशासन चाक चौबंद रहा। करीब 150-200 लोगों ने एक साथ नमाज अदा करी। इस अवसर पर हाफिज अब्दुल रहमान, अमित डागुर पटवारी,ईसुब, सोनू हाडौली,अमरदीन, दिलदार, बादशाह, सोनू, पप्पू,अजीज,बजीर, आशिक जगर, इरफान, सलीम अली, मतलूब, जुम्मा,दाऊद,रफीक आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के लिए सही तरीके वजन बढ़ाने के



व्यायाम करती महिला महिलायें जब भी वजन बढ़ाने के बारे में प्लान करें उससे पहले कुछ जरूरी जांच जैसे – थॉयरायड और शरीर में हार्मोन के स्तर की जांच करा लें। जब भी महिलाओं का वजन आसानी से नही बढ़ता है। महिलाओं के शरीर की मांसपेशियों में फाइबर निर्माण में मदद करने वाले टेस्टोस्टेरॉन का स्तर आसानी से नही बढ़ता है, इसलिए ही महिलाओं की मांपेशियां आदमियों की तरह गठीली नही हो पाती हैं।

वजन बढ़ाने की प्लानिंग में सबसे पहले अपने डायट पर ध्यान दीजिए, उसके बाद व्यायाम और योगा पर ध्यान दीजिए। अपने डायट में ऐसे आहार शामिल कीजिए जिसमें ज्यादा कैलोरी, वसा और फाइबर हो। इसके साथ–साथ एक नियमित दिनचर्या बनाइए जो वजन बढ़ाने में बहुत मददगार होता है। आइए हम आपकी इस मुश्किल को कम करने के लिए कुछ नुस्खे बता रहे हैं जिनकी मदद से आप अपना वजन बढ़ा सकती हैं।

## सही वजह जानिये

आपका वजन सामान्य से कम है और आप इसके लिए अपनी डायट और लाइफस्टाइल को दोषी मानती हैं। लेकिन, क्या सच में ऐसा है। क्या इसके पीछे हॉर्मोन तो नहीं। इसके लिए आपको अपनी जांच करवानी बेहद जरूरी है। तो जरूरी है कि आप जांच करवाकर इस दुविधा को समाप्त कीजिए। थॉयराइड के चलते भी महिलाओं का वजन असंतुलित हो सकता है। आप सबसे पहले थॉयराइड और शरीर में पाये जाने वाले अन्य हार्मोन की जांच कराइए। अगर जांच में सब सही निकला तो वजन बढ़ाने के लिए अन्य तरीकों को आप जरूर आजमायें।

## आहार योजना

महिलाओं के लिए वजन बढ़ाने वाले खाद्य–पदार्थों को अपने डायट चार्ट में शामिल करें। खाने में हाई कैलोरी वाले आहार को शामिल करके महिलायें अपना वजन बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीनयुक्त भोजन का सेवन अधिक करें। यदि आपको भूख नही लगती है तो दो–तीन घंटे के अंतराल पर थोड़ा–थोड़ा खाइए।

महिलायें वजन बढ़ाने वाले आहार जैसे – साबुत अनाज, गेहूं वाले बिस्किट, ब्राउन राइस, ओटमील, घी युक्त रोटी, मक्खनयुक्त सूप, बाजरे की रोटी, दालें, चावल की खीर आदि का सेवन करें। फलों का रस, फ्रूट जूस, फलियां, कस्टर्ड, अखरोट, बादाम और एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य–पदार्थ खायें। रात में सोने से पहले एक गिलास में शहद मिलाकर पीने से वजन बढ़ता है। वजन बढ़ाने के लिए जंक फूड, चिप्स, पिज्जा, बर्गर और तले पदार्थ खाने से बचना चाहिए।

## वजन बढ़ाने वाले व्यायाम और योग

महिलायें वजन बढ़ाने के लिए योग और जिम का सहारा ले सकती हैं। कुछ योग के प्रकार जैसे – शीर्षासन, मत्स्यासन आदि महिलाओं को वजन बढ़ाने में कारगर साबित हो सकते हैं। शीर्षासन अतिसक्रिय शरीर को आराम करने में मदद करता है। वही दूसरी तरफ मत्स्यासन यानी मछली की मुद्रा पेट की मांसपेशियों को मजबूत और गतिशील बनाता है। महिलाओं को वजन बढ़ाने के लिए नियमित रूप से कार्डियो व्यायाम करने से बचना चाहिए, यह शरीर से कैलोरी जलाता है। महिलाओं को व्यायाम के दौरान पानी भरपूर मात्रा में पीना चाहिए। जिम में एक्सरसाइज करने से पहले किसी पेशेवर ट्रेनर की मदद अवश्य लीजिए। वजन बढ़ाने के लिए जरूरी नही कि आप कुछ भी खायें, यह ध्यान रखिए कि वजन बढ़ाने के साथ–साथ आपको अपनी सेहत का भी ध्यान रखना जरूरी है। इसलिए नियमित रूप से व्यायाम के साथ–साथ पौष्टिक आहार अवश्य लीजिए और भरपूर आराम कीजिए। इन तरीकों को आजमाने के बाद भी आपका वजन नही बढ़ रहा है तो चिकित्सक से अवश्य संपर्क कीजिए।

**कुछ लोग मोटापे से ग्रस्त होते हैं वो वजन कम करने की जुगत में लगे रहते हैं और जो लोग दुबले होते हैं उनको वजन बढ़ाने की चिंता रहती है। लेकिन जो महिलायें पतली होती हैं उनके लिए वजन बढ़ान उतना आसान नही होता है। क्योंकि पुरुषों की तुलना में महिलाओं के मांसपेशियों का घनत्व कम होता है।**

# पुरुषों के लिए एंटी-एजिंग के प्राकृतिक उपाय

**अब खूबसूरत दिखाई देने की चाहत सिर्फ महिलाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पुरुष भी अपने लुक को लेकर काफी सजग हो गए हैं। चेहरे पर आते उम्र के निशान उन्हें भी उतना ही परेशान करते हैं जितना कि किसी महिला को। पुरुष भी अब जवां बने रहने और जवां दिखाई देने के लिए हर सम्भव कोशिश करने को तैयार हैं। पुरुषों की इस चाहत और जरूरत को देखते हुए कई ऐसे तरीके आ गए हैं, जो पुरुषों को लम्बे वक्त तक जवां बने रहने में मदद करते हैं। ये तरीके खास तौर पर पुरुषों को ध्यान में रखकर ही तैयार किए गए हैं।**



## पुरुषों के लिए एंटी–एजिंग उपाय

हालांकि, उम्र के असर की निशानियां जैसे लकीरें और झुर्रियां आजकल के पुरुषों को परेशान करती रहती हैं। लेकिन, कुछ पुरुष सर्जरी करवाकर इन्हें हटाना नहीं चाहते। ऐसे लोगों के लिए ही कुछ उपाय हैं जो बेहद असरदार हैं। आइए जानें ऐसे ही पांच शानदार उपायों के बारे में–

## धूम्रपान को कहें ना

धूम्रपान से आपके शरीर पर उम्र का असर जल्द दिखायी देने लगता है। धूम्रपान का आपके शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है। और यही लक्षण आपकी त्वचा पर भी परिलक्षित होने लगते हैं। जब आपकी त्वचा सगिरेट से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आती है,तो उसे काफी नुकसान होता है। यह प्राकृतिक रूप से स्वस्थ त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उसकी ऊपरी परत को नष्ट कर देती है। इससे त्वचा को जवां बनाए रखने वाला एलस्टिन प्रोटीन भी खत्म हो जाता है। धूम्रपान करने से आपके चेहरे पर झुर्रियों का असर जल्द नजर आने लगता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन रक्त कोशिकाओं को सिकोड़ देता है। इससे शरीर में ऑक्सीजन और जरूरी पोषण सही मात्रा में नहीं पहुंच पाते। अगर आप एक स्वस्थ और जवां त्वचा चाहते हैं तो सबसे पहले आपको धूम्रपान से तौबा करनी चाहिए।

## व्यायाम कीजिए जवां रहिये

नियमित व्यायाम करना आपके शरीर की शक्ति और कार्यक्षमता बढ़ाता है। इससे आपकी त्वचा भी अधिक कसी हुई रहती है। नियमित व्यायाम न करने और असंतुलित जीवनशैली अपनाने से आपके शरीर की कार्यप्रणाली धीमी हो जाती है और इसका असर उम्र अधिक दिखने के तौर पर सामने आने लगता है। व्यायाम से आपके शरीर में रक्त–संचार सुचारू रूप से होता है। और शरीर के हर अंग को पर्याप्त मात्रा में रक्त मिलता है। जैसे–जैसे हमारी उम्र बढ़ती है तो कई बार टांगों और हाथों को पूरी पोषण नहीं मिल पाता। व्यायाम के दौरान आपके शरीर से पर्याप्त मात्रा में पसीना निकलता है। इस पसीने के जरिये आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे शरीर का प्राकृतिक माश्चराइजर सीबम ऑयल भी बाहर निकलता है।

## भरपूर नींद लीजिए

अगर आप भरपूर नींद लेते हैं तो आपको उम्र के असर को दूर रखने में काफी मदद मिल सकती है। अगर आप अच्छी नींद सोते हैं तो आपकी सेहत भी अच्छी रहती है। कोशिश करें कि आपके सोने और उठने का समय एक जैसा हो।

## ध्यान और योग

योग और ध्यान के जरिये भी आप उम्र के असर को दूर रख सकते हैं। योग और ध्यान आपको केवल मानसिक रूप से ही शांत नहीं रखते बल्कि आपको शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। इनसे आपको तनावमुक्त रहने में मदद मिलती है। इससे आपके शरीर में रक्त संचार सुचारू रूप से होता है। इसके साथ ही दिल की बीमारियां, मोटापा और त्वचा की जलन से भी राहत मिलती है। इससे हमारी रोगप्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती और आप बीमारियों से दूर रहते हैं।



# अस्वस्थ मोटापे का इलाज कैसे करें

**रुग्ण मोटापा यानी मोरबिड ओबेसिटी एक गंभीर समस्या है। इसके कारण आदमी को कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इस बीमारी से कैसे बचा जाए और अगर आप इसके शिकार हो ही गए हैं तो कैसे इससे निजात पायी जाए।**



मोरबिड मोटापे से ग्रस्त आदमी रुग्ण मोटापा या मोरबिड ओबेसिटी उस स्थिति को कहते हैं जब बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की रेटिंग 40 से अधिक हो जाती है। यह स्थिति धीरे–धीरे शुरू होती है और समय के साथ शरीर का वजन बढ़ता जाता है। रुग्ण मोटापे से ग्रस्त लोग को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्यायें होने लगती हैं। जीवनशैली, मेटाबॉलिक समस्यायें, वंशानुगत, खान–पान की खराब आदतें इसके प्रमुख कारण हैं। इसके कारण उच्च रक्तचाप, हृदय समस्यायें, गैस्ट्रोइंस्टेस्टाइनल रीफ्लक्स रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। अमेरिकन ओबेसिटी एसोसिएशन के अनुसार रुग्ण मोटापा यानी मोरबिड ओबेसिटी एक गंभीर समस्या है, इसके कारण आदमी को कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## मोरबिड ओबेसिटी का उपचार

मोरबिड ओबेसिटी से छुटाकारा पाने के लिए बाजार में कई विकल्प मौजूद हैं। जिनकी सहायता से शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है परहेज, व्यायाम और खान–पान में सुधार। आइए हम आपको कुछ तरीकों के बारे में बताते हैं जिनके जरिए अस्वस्थ मोटापे को कम किया जा सकता है।

## आहार योजना

अस्वस्थ मोटापे को नियंत्रित करने की शुरुआत अपने खान–पान से कीजिए। आप यह देखिए कि नियमित रूप से आप कितनी ज्यादा कैलोरी ले रहे हैं। अगर आप ज्यादा कैलोरी का सेवन कर रहे हैं तो उसे कम कीजिए। एक डायट चार्ट बनाइए और उसके अनुसार ही खाइए, आपके डायट चार्ट में सारे पौष्टिक तत्व मौजूद होने चाहिए। बेहतर होगा अगर आप एक बार में अधिक भोजन करने के बजाय थोड़ा–थोड़ा खाना कई बार में खाइए। खाने में सलाद का इस्तेमाल ज्यादा कीजिए। मसालेदार व तैलीय खाने की बजाय ब्रोकली, कैबिज और कई तरह के सलाद खाएं। खाने से आधा घंटा पहले और खाने के आधा घंटा बाद पानी पीजिए। सोने से दो घंटा पहले खाना खा लीजिए, इससे खाना अच्छे से पच जायेगा। अपने लिए मुफीद डायट चार्ट बनाने के लिए आप किसी विशेषज्ञ की सहायता भी ले सकते हैं।

## व्यायाम

अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, मोटे लोगों को एक सप्ताह में कम से कम 150 मिनट (22 मिनट प्रत्येक दिन) तक व्यायाम करना चाहिए। इसके लिए एरोबिक्स, जॉगिंग, वॉकिंग, रनिंग आदि करना चाहिए। इसके अलावा योगा भी किया जा सकता है, योग के कुछ आसन जैसे – त्रिकोणासन, कोणासन, उत्पादासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार, गरूड़ासन आदि वजन कम करने में सहायक हैं। व्यायाम और योग करने से हार्ट अटैक, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आदि नियंत्रित रहता है।

## सर्जरी

जिन लोगों का बीएमआई 40 या उससे अधिक है वो इसे कम करने के लिए सर्जरी की सहायता ले सकते हैं। इसके लिए बेरियाट्रिक सर्जरी और गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी करावाया जा सकता है। बेरियाट्रिक सर्जरी में पेट के कुछ हिस्सों को सील किया जाता है जिससे आदमी ज्यादा खाना न खा सके। सर्जरी कुछ लोगों के लिए वरदान साबित होती है और इसके बाद वे सामान्य जीवन यापन कर सकते हैं।

## अस्वस्थ मोटापा नियंत्रित करने के लिए अन्य सुझाव

ज्यादा से ज्यादा ताजे फल और हरी सब्जियां खायें। तला–भुना खाने से परहेज कीजिए। नियमित व्यायाम बहुत जरूरी है। धीरे, परंतु लगातार वजन कम करें। ज्यादा उपवास न करें। थोड़–थोड़े अंतराल पर थोड़ा–थोड़ा खाना खायें। भोजन में चीनी, चर्बीयुक्त खाद्य पदार्थ और अल्कोहल कम लें। कम चर्बी वाले दूध का सेवन करें। अस्वस्थ मोटापे को नियंत्रित करने के लिए पानी का अधिक सेवन करें। पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है। इसके अलावा सकारात्मक सोच का होना बहुत जरूरी है। सकारात्मक सोच के साथ नियमों का पालन कीजिए, मोटापा जरूर नियंत्रित होगा।

भारत के हृदय स्थल मध्यप्रदेश में पर्यटन के ऐसे बहुत से स्थल है जहां देश विदेश के असंख्य सैलानी इन्हें देखने आते हैं। धार्मिक महत्व के अलावा पुरातात्विक महत्व के इन स्थलों में कान्हा किसली, महेष्वर खजुराहो, भोजपुर, ओंकारेश्वर, सांची, पचमढ़ी, भीमबेटका, चित्रकूट, मैहर, भोपाल, बांधवगढ़, उज्जैन, आदि उल्लेखनीय स्थल हैं।

# ताल तलैयों से घिरा भोपाल



मध्यप्रदेश की राजधानी होने के साथ ही ताल-तलैयों के कारण पर्यटन के क्षेत्र में अपना अलग ही स्थान रखता हैं। राजा भोज द्वारा बनवाया गया बड़ा तालाब, लक्ष्मीनारायण मंदिर, झिरनो मंदिर, गुफा मंदिर, मनुआभान की टेकरी, केहरी महादेव मंदिर, सेन्ट्रल लायब्रेरी, प्राचीन दरवाजे, एशिया की सबसे बड़ी ताजुल मस्जिद, जामा मस्जिद, मोती मस्जिद, कर्फ्यू वाली देवी का मंदिर, काली मंदिर, सदर मंजिल, गौहर महल, कमला पार्क, किलोल, वर्धमान पार्क, सन सेट, वन बिहार, केरवा, कलियासोत, हलाली डेम, मयूर पार्क, बीएचईएल, आदि देखने लायक स्थल हैं। भोपाल नए एवं पुराने शहर के नाम से भी जाना जाता हैं। देश के सभी स्थानों से भोपाल वायुयान, रेल अथवा सड़क मार्ग द्वारा पहुंचा जा सकता हैं। यहां रुकने के पर्याप्त इंतजाम है।

बड़े तालाब के मध्य एक दरगाह भी स्थित हैं। जहां वोट क्लब से अथवा शीतलदास की बगिया स्थित घाट से नाव द्वारा नौका बिहार भी किया जा सकता हैं। यहां उपनगर के बैरसिया में तरावली स्थित हरसिद्धी का मंदिर भी है जिसके बारे में उक्ति है कि राजा विक्रमादित्य द्वारा बनारस से उज्जैन ले जाते समय देवी की शर्त के अनुसार रातभर में वह उज्जैन नहीं ले जा सके और देवी वहीं रूक गई जहां आज मंदिर स्थापित हैं। एक अन्य उपनगर के रूम में कोलार भी बहुत तेजी से विकसित होकर राजधानी का मुख्य केन्द्र बनने लगा हैं।

मध्यप्रदेश की राजधानी का नाम सुनते ही यहां की गौरव ताल-तलैयों, शैल-शिखरों की याद आना लाजिमी हैं। जहां भोपाल ने राष्टीय स्तर पर क्रिकेट हाकी सहित देश के सर्वोच्च राष्टपति पद तक पर अपनी छाप छोड़ी वहीं राष्टीय उद्यानों के क्षेत्र में भी किसी से कम नहीं हैं। यहां बना नेशनल पार्क को थ्री-इन-वन कहना कोई अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा।

ऐसा सुन्दर उद्यान नेशनल पार्क होने के साथ-साथ चिड़िया घर (जू) तथा जंगली जानवरों का बचाव केन्द्र भी है। 445 हैक्टेयर में फैले इस नेशनल पार्क में मिलने वाले जानवरों को जंगल से पकड़कर नहीं लाया गया हैं। यहां जो जानवर हैं वे लावारिस, कमजोर, रोगी, घायल या बूढ़े थे अथवा जंगलों से भटकककर ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में आ गये थे तथा उनका बाद में आशियाना यहां बनाया गया।

अन्य संग्रहालयों या फिर सर्कसों से भी कुछ जानवर यहा लाए गए हैं। लगभग पॉच किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस राष्टीय उद्यान का मुख्य द्वार मुख्यमंत्री निवास के निकट से होकर भदभदा की ओर जाता हैं। उद्यान के चारों ओर हरियाली बरबस ही पर्यटकों को अपनी ओर खींच लेती हैं। शैल-शिखरों से घीरे उक्त उद्यान के पास ही परमारवंशीय राजा भोज द्वारा र्निमित भोपाल का बड़ा तालाब है जिसके बारे में उक्ति है कि तालों में भोपाल ताल बाकी सब तलैया, रानियों में कमलाबती बाकी सब......प्रचलन में हैं।



वनबिहार के नाम से ख्यात उक्त उद्यान के आसपास सांस्कृतिक कला का केन्द्र भारत भवन, वोट क्लब, मानव संग्रहालय, कमला पार्क, केरवा डेम, कमला पार्क, दूरदर्शन सहित अनेक ऐसे स्थानों से घिरा हुआ भोपाल नेषनल पार्क को राष्टीय उद्यान का दर्जा 18 जनवरी 1983 में प्राप्त हुआ था। यूं तो प्रदेश के ग्वालियर, इंदौर में भी स्माल चिड़ियाघर हैं जिनकी देखरेख नगर निगमों द्वारा की जाती हैं।

भोपाल नेशनल पार्क में प्रवेश करने से पूर्व यह अनुभव भी नहीं कर सकते की आप किसी जंगल की सैर करने जा रहे हैं। रामू गेट से चीकू गेट तक की लगभग पाच किलोमीटर की दूरी आप ऐसे तय करेंगे कि आपको अहसास ही नहीं होगा कि आप किसी ऐसे अद्भुत स्थल की सैर कर रहे हैं जहां एक ओर जंगली जानवरों भालू, शेर, हिमालयी भालू, तुेदुए और बाघ के बाड़े आते हैं तो दूसरी ओर तालाब से आ रही ठंडी हवाएं और जल की तरंगे मनोहारी लगती है कि आप भोपाल नेशनल उद्यान को अंतिम समय तक भूल नहीं सकते। गर्मी के दिनों में प्रवासी पक्षी भी इसी जगह पर आकर सुकून का अनुभव करते हैं।

यहॉ कि विषेषता यह है कि आप पैदल ही पाच किलोमीटर का दायरा कैफे का स्वादिष्ट भोजन, नस्ता करते हुए समझ ही नहीं सकते की आपने आने जाने में इतनी अधिक दूरी कैसे तय कर ली।

भोपाल वनविहार तक पहुंचने के लिए देश के लगभग सभी स्थानों से हवाई, रेल एवं बस सेवा उपलब्ध हैं। यहीं से टेक्सियों के द्वारा, पैदल अथवा साईकिल से आप वन विहार के मनमोहक दृष्य को अपने जेहन में बिठा सकते हैं। यहा का बिड़ला मंदिर, गुफा मंदिर, कर्फ्यू वाली माता का मंदिर, कालीघाट, मनुआभान की टेकरी, एशिया की सबसे बड़ी ताजुल मस्जिद, गंगा-जमुनी तहजीब की प्रतीक जामा मस्जिद, प्राचीन कमला पार्क, छोटा तालाब, मोतिया तालाब, ताजमहल, लोकप्रियता के शिखर पर अपनी अलग ही छाप छोड़ते हैं। लेकिन भोपाल का श्मशान घाट भी (मृत्यु का अंतिम पड़ाव स्थल) किसी पर्यटन स्थल से कम नहीं हैं। ताजुल मस्जिद में प्रतिवर्ष लगने वाले इज्तिमा जिसमें विश्व के सभी देशों से लोग आकर सम्मिलित होते हैं।

भोपाल के आसपास के लगभग सौ किलोमीटर क्षेत्रों में सलकनपुर, भोजपुर, तरावली, सीहोर के सिद्ध गणेष, सांची, होशंगाबाद, रायेसन मार्ग पर स्थित कंकाली देवी का मंदिर (जो देश में एकमात्र कृष्ण मुद्रा काली का मंदिर हैं), केहरी महादेव अर्थात शेरोवाले महादेव सहित कदम-कदम पर ऐसे स्थल विकसित है कि आप की भोपाल से जाने की इच्छा ही नहीं होगी।

भोपाल का पान खाना नहीं भूलें क्योंकि यह अपनी विशिष्टता के लिए देष में अपना स्थान रखता हैं। विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक गैस त्रासदी झेल चुके इस शहर के बारे में कहा जा सकता है कि 'सारे पर्यटन बार-बार भोपाल पर्यटन एकबार।' आपको यहां पर रुकने को विवश कर देगा। यहा की हिन्दू-मुस्लिम तहजीब देखते ही बनती हैं।

यहां पहुंचने के लिए आवगमन के अनेक साधन उपलब्ध है। यहां देश के किसी भी कोने से हवाई या रेलमार्ग द्वारा भोपाल पहुंच सकते हैं। भोपाल से होषंगाबाद रोड, या मंडीदीप की बस में बैठकर भोजपुर उतरें। एवं वहां से मंदिर पैदल चलें। मंदिर की 5 किलोमीटर परिधि में ठहरने का कोई स्थान नहीं हैं अतः भोपाल ही ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान है। भोपाल-होशंगाबाद रोड पर स्थित उक्त स्थल पर आवागमन 24 घण्टे उपलब्ध रहता हैं।

